हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

11 एमडीयू में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण पखवाड़ा



12 ड्रग फ्री इंडिया ने नशे के खिलाफ किया जागरूक



# 12.45 करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स जमा, डिफाल्टरों की संपत्ति होगी सील

■ 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक जमा हुआ ■ करदाताओं को मिला छूट का लाभ ■ जुलाई में सर्वाधिक वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम ने चालू वित्तवर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में संपत्तिकर वसूली के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 1 अप्रैल 2025 से 31 जुलाई 2025 तक नगर निगम ने 12.45 करोड़ रुपये से अधिक संपत्तिकर एकत्र किया है, जो पिछले वित्तवर्ष की तुलना में लगभग 61 लाख रुपये अधिक है। वर्ष 2024-25 में इसी अवधि में कुल 11.84 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी। हाउस टैक्स जमा करवाने के लिए शनिवार और रविवार को भी काउंटर खोले गए। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा संपत्तिकर पर दी जा रही छूट को देखते हुए अवकाश के दिन भी निगम कार्यालय को कार्य दिवस की तरह खोला गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा करदाता संपत्तिकर जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि केवल आज ही लगभग 69 लाख रुपये का संपत्तिकर जमा हुआ।

■ अवकाश के दिन भी भरा गया हाउस टैक्स





### जुलाई में 9.13 करोड़ जमा

जुलाई माह में सर्वाधिक 9.13 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जो इस सफलता का बड़ा कारण रहा। अप्रैल माह में 81.91 लाख रुपये, मई में 1.08 करोड़ और जून में 1.41 करोड़ रुपये संपत्तिकर के रूप में जमा हुए थे। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नगर निगम ने रणनीति के तहत कार्य किया। बड़े बकायादारों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किए गए और बकाया जमा न करने वालों पर सीलिंग की कार्रवाई भी की गई। संपत्तिकर संग्रह की प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आए।

### 93.69 लाख का फायर टैक्स व यूजर चार्ज के रूप में 2.21 करोड़ रुपये जमा : महापौर

नगर निगम के मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने करदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जनता द्वारा समय पर संपत्तिकर जमा करने से शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह राजस्व शहर में सड़कों, स्ट्रीट लाइट्स, सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने में उपयोग होगा। महापौर ने बकायादारों से अपील की कि वे समय पर अपना संपत्तिकर जमा करें और शहर के विकास में सहभागी बनें। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो बकायादार भुगतान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### गांजे की खेप के साथ महिला गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने महिला को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके कार्यवाही की गई हैं। कलानौर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि साहसी मौहल्ला कलानौर से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान सुमन निवासी कलानौर के रुप में हुई। महिला के पास से 370 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। महिला आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### दीवार के साथ खाई खोदी मकान गिरने का खतरा

**महम।** कस्बा महम से सटे खेड़ी महम गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र रामकिशन ने महम शहर चौकी में एक शिकायत दी है, जिसमें उसने बताया है कि उसके पड़ोसी ने उसके मकान की दीवार के साथ खाई खोद दी है, जिस वजह से उसके मकान के गिरने का खतरा पैदा हो गया है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस मौका देखने नहीं पहुंची है। गांव का सरपंच भी उसकी मदद नहीं कर रहा है। वीरवार को अनिल कुमार फरियाद लेकर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के आवास पर पहुंचे। उनके निजी सचिव महेश शर्मा ने इस बारे में गांव के सरपंच से बातचीत की और कहा कि मामले को गांव पर स्तर पर निपटाएं।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। बहु अकबरपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि बहु अकबरपुर निवासी कृष्ण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 4 जुलाई को कृष्ण अपनी मोटरसाइकिल को जींद रोड पर स्थित खेतों की तरफ लेकर गया था। मोटरसाइकिल को खेत के पास खड़ा कर कृष्ण खेतों की तरफ चला गया। वापिस आने पर कृष्ण को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली।

### डेयरी से चोरी हुए सामान सहित चोर काबू

**महम।** कस्बा महम के साथ सटे गांव किशनगढ़ में एक डेयरी से सामान चोरी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने चोर को सामान समेत काबू कर लिया है। दो दिन पहले ही रात को गांव की एक चौपाल में किसानों द्वारा आपसी सहयोग से चलाई जा रही दी किशनगढ़ दुग्ध उत्पादक समिति से इंवर्टर, बैटरी और इलेक्ट्रिक कांटा चोरी हो गया था। इसकी शिकायत गांववासी रामफूल ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने चोरी की वारदात को हल करने के लिए पुलिस ने एक टीम गठित की। पुलिस ने वीरवार को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर इसी गांव के विनोद पुत्र रामफल को सामान समेत काबू किया।

### राहवीर योजना के तहत मददगार को मिलेगा इनाम

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया केंद्र सरकार की राहवीर योजना को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने हरियाणा में लागू किया गया है। उन्होंने बताया इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य हादसे के दौरान घायल हुए इंसान को समय पर मदद करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 134-ए और भारत सरकार की 29 सितंबर 2020 की अधिसूचना के तहत राहवीर को कानूनी संरक्षण भी मिलेगा। दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले को सात दिन के अंदर 25 हजार रुपये इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। उन्होंने घायलों की मदद का आह्वान किया है।

# ये है स्वच्छ शहर की असल तस्वीर, दो माह से अधिकतर शौचालयों पर लटके ताले

■ निगम की अनदेखी से साफ-सफाई व्यवस्था भी चरमराई ■ नशेड़ियों के अड्डे बने शौचालय

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

शहर में सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है। नगर निगम की लापरवाही के चलते पिछले दो माह से शहर के अधिकांश शौचालय या तो पूरी तरह बंद पड़े हैं। कई शौचालयों पर न तो कर्मचारी तैनात है, न ही उन्हें कभी किसी ने दिन में खुला हुआ देखा है। जबकि कई जगह शौचालय खुले हैं तो सफाई नहीं हो पा रही है। इस वजह से बाजारों में आने-जाने वाली महिलाओं और बुजुर्गों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

### यहां बंद मिलते हैं शौचालय

शहर के शीला बाईपास, माता दरवाजा, अंबेडकर चौक स्थित पिंक शौचालय, पालिका बाजार, सेक्टर प्राइड मार्केट, सेक्टर दो तीन मार्केट और शिवाजी कॉलोनी के पार्क के इलाकों में बने शौचालय लंबे समय से बंद पड़े हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते-जाते हैं, लेकिन शौचालय की सुविधा न होने से उन्हें बेहद असुविधा झेलनी पड़ रही है। खासकर महिलाएं मजबूरी में आसपास के दुकानों या निजी स्थानों में शरण लेने को विवश हो जाती हैं।

### शिकायतों पर सुनवाई नहीं

शहरवासियों ने कई बार नगर निगम को इस बारे में शिकायतें दी हैं, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। जो शौचालय खुले भी हैं, वहां पानी की व्यवस्था नहीं है या गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कई शौचालयों में कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक की बोतलें, गुटखा शराब की खाली बोतलें पड़ी मिलती हैं। इससे साफ होता है कि इन शौचालयों की नियमित सफाई और निगरानी बिल्कुल नहीं हो रही।

## बाजारों में महिलाओं सहित आमजन को हो रही परेशानी



पालिका बाजार



माता दरवाजा



सेक्टर दो-तीन मार्केट

### शौचालयों में नशा करने की घटनाएं हुई आम

स्थिति तब और खराब हो जाती है जब ये शौचालय नशेड़ियों के अड्डों में तब्दील हो जाते हैं। कई शौचालयों के अंदर शराब पीने और नशा करने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे महिलाएं और बच्चे इन स्थानों पर जाने से डरने लगे हैं। बाजार में शौचालयों में अधिकतर नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता है। आरडब्ल्यूए, और व्यापारियों का कहना है कि अगर नगर निगम समय रहते सफाई और मरम्मत की व्यवस्था नहीं करता, तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ेगी।

### हाउस की मीटिंग में उठ चुका मामला

शौचालयों की देखरेख का मामला कई बार हाउस की मीटिंग में उठ चुका है। पार्षदों ने कहा था कि शौचायलों की जिम्मेदारी एनजीओ और आरडब्ल्यू को सौंप दी जाए, लेकिन हाउस में यह प्रस्ताव पास नहीं हो पाया। जिसके बाद नगर निगम ने टेंडर जारी किया है। सफाई और मरम्मत की व्यवस्था न होने से परेशानी बढ़ेगी।

## नगर निगम ने 1.19 करोड़ का टेंडर किया जारी

**रोहतक।** शहर के सार्वजनिक शौचायलों को लेकर बार बार आ रही शिकायतों के बाद नगर निगम ने इस पर संज्ञान लिया है। निगम की ओर से एक करोड़ 19 लाख का टेंडर जारी किया है। इसके तहत एक साल तक एक समिति के कर्मचारी शौचालयों की देखरेख करेंगे।

साथ ही निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा की तरफ से सख्त आदेश जारी किए गए हैं कि सभी शौचालयों को जल्द से जल्द चालू किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी सामने न आए। जानकारी के मुताबिक, पिछले कई माह पहले शौचालयों का टेंडर समाप्त हो गया था।

इस वजह से नगर निगम की तरफ से शौचायलों को लॉक करवाया गया ताकि असामाजिक तत्व शौचालयों से सामान चोरी न करें और इनका दुरुपयोग न हो सके। इसके बाद दोबार टेंडर किया गया। जिसमें समेकित जन कल्याण समिति के नाम से टेंडर जारी किया गया है। निगम की तरफ से समिति को एक करोड़ 19 लाख का भुगतान किया जाएगा।

### शौचालयों में साफ - सफाई बढ़ाई जाएगी

शौचालयों की देखरेख के लिए एक करोड़ 19 लाख का टेंडर जारी कर दिया गया है। अब आमजन को किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं आएंगी। साथ ही शौचालयों में साफ सफाई बढ़ाई जाएगी।

- तरूण कुमार, एसडीओ, नगर निगम

### 113 शौचालयों पर केवल 42 कर्मचारी

इसके तहत समिति को शौचालयों पर अतिरिक्त कर्मचारी रखने पड़ेंगे। उनकी मरम्मत करवानी पड़ेगी। इसके अलावा उनकी सफाई और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी समिति के पास रहेगी। समिति के पास अभी केवल 42 ही कर्मचारी हैं जबकि शहर में करीब 113 शौचायल हैं। इनें पांच शौचालय स्पेशल स्कीम के तहत बनवाए गए हैं जिनका नाम पिंक शौचालय रखा गया है।

## निंदाना में बाईपास पर धंस रही सड़क, हादसे का खतरा



**महम।** निंदाना गांव में बाइपास पर सड़क धीरे धीरे जमीन में धंस रही है। हालात यह हैं कि यहां पर किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। निंदाना गांव निवासी एवं पंचायत विभाग के सीनियर ग्राम सचिव रामनिवास नहरा ने बताया कि महम से लाखन माजरा मार्ग पर निंदाना गांव के बाइपास पर एक जगह पर सड़क जमीन में धंसने लगी है। जमीन वहां पर धंस रही है जहां से गांव के जलघर की पाइप लाइन बिछाई गई है। माइनर से गांव के जलघर में जाने वाली पाइप लाइन जिस जगह पर से सड़क के बीच से गुजर रही है, रोजाना वह जमीन नीचे की ओर धंस रही है। सड़क में दरारें आ गई हैं। यदि थोड़ी सी सड़क और जमीन में धंस गई तो यहां पर कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यहां पर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त न हो, इसके लिए संबंधित विभाग को वहां से सड़क की रिपेयर करनी चाहिए।

### बारिश से शहर पानी-पानी



**रोहतक।** वीरवार को सुबह और मध्यरात्रि के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर शहर, सेक्टर और ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है। जगह- जगह जलभराव हो गया। ...विस्तृत समाचार पेज 12 पर

## अस्पतालों ने एबीएचपीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भेजा ज्ञापन

# सात तक आयुष्मान योजनाओं का भुगतान न होने पर मरीजों का उपचार नहीं करेंगे निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आयुष्मान भारत योजना से निजी अस्पतालों में किए जा रहे उपचार को लेकर जल्द ही रोक लगाई जा सकती है। लम्बे समय से भुगतान न होने पर आईएमए ने सरकार को सख्त चेतावनी दी है। आईएमए का कहना है कि 7 अगस्त तक भुगतान नहीं किया गया तो इस योजना के तहत किए जाने वाले उपचार पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही एबीएचपीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन भी भेजा गया है। अगर ऐसा हुआ तो हजारों मरीजों को मिलने वाली सुविधा पर संकट के बादल छा जाएंगे और इससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आईएमए अध्यक्ष डॉ. महावीर पी. जैन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, आईएमए हरियाणा अवर सचिव डॉ. धीरेन्द्र के. सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत हरियाणा राज्य में सरकार की उदासीनता के कारण बार-बार समस्याओं का सामना कर रही है। हम समय-समय पर संबंधित अधिकारियों को अनियमित भुगतानों के बारे में अवगत कराते रहे हैं, जो कई बार 4-5 महीने की देरी से होते हैं।

■ आईएमए लंबे समय से भुगतान की मांग कर रहा




### पोर्टल पर नहीं हो पा रही शिकायतें

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, इनमें से कोई भी आश्वासन आज तक पूर्ण नहीं हुआ है। आज भी भुगतान में अत्यधिक विलंब और अनियमितता बनी हुई है, अनावश्यक कटौतियां की जा रही है, मामलों की प्रोसेसिंग भी विलंबित है। पोर्टल पर शिकायतें दर्ज करना भी कठिन है और अनेक अस्पतालों की एनएबीएच प्रोत्साहन राशि को नए पोर्टल पर पुनः-सम्प्रेषण के नाम पर रोक दिया गया है।इन लगातार जारी समस्याओं के मद्देनजर सभी आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों ने आईएमए से अनुरोध किया है कि 15 जुलाई तक के सभी भुगतान 7 अगस्त 2025 को नहीं किए गए तो इन अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना की सेवाएं जारी रखना संभव नहीं होगा। इससे हरियाणा के गरीब जनमानस को होने वाली किसी भी असुविधा की पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी, जो न तो इस योजना के लिए पर्याप्त बजट प्रदान कर रही है और न ही इसकी प्रक्रिया को सरल बना रही है।

### मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मिला था आश्वासन

इसी वर्ष 8 जनवरी को मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ हुई बैठक में यह आश्वासन दिया गया था कि अब सभी भुगतान 15 दिनों के निर्धारित समय में किए जाएंगे। इसके बाद 3 फरवरी को मुख्य सचिव राजेश खुल्लर के साथ उच्चस्तरीय बैठक हुई। जिसमें यह पुनः आश्वासन दिया गया कि 10 मार्च 2025 के बाद से सभी प्रक्रियाएं व्यवस्थित कर दी जाएंगी।

# 90 हजार रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने 90 हजार रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गिरावड़ निवासी साक्षी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 28 जून को साक्षी ने टेलीग्राम पर एक विज्ञापन देखा।

जिसके माध्यम से एक बेवसाइट पर रुपये लगाकर कमीशन के साथ वापिस रुपये देने की बात कही। साक्षी ने उनकी बातों में आकर अलग-2 ट्रांजेक्शन में कुल 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 30 जुलाई को आरोपी राजेश व मुकेश निवासी रावलवास को गिरफ़्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी दोनों सगे भाईयों ने अलग-अलग बैंकों में अपने 11 खाते खुलवाकर अपने पास के गांव के लड़के को बेच दिए। इसके अलवा भी दोनों आरोपियों ने अपने गांव व आसपास के गांव से दस बारह खाते और लेकर युवक को दे दिए।

दोनों आरोपी इन खातों में आई राशि को निकाल कर सीडीएम मशीन से युवक द्वारा दिए गए अलग-अलग खातों में भेज देते थे तथा अपना कमीशन ले लेते थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरोह में शामिल आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



■ पुलिस ने आरोपी राजेश व मुकेश निवासी रावलवास को दबोचा

■ आरोपियों ने बैंकों में 11 खाते खुलवाकर आगे बेच दिए

## खबर संक्षेप

### मानव तस्करी विरोधी दिवस पर चलाया अभियान

**रोहतक।** मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया की पहल पर रोहतक में हुए एक कार्यक्रम में बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक एक साथ आए। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की चेयरमैन आशा आहूजा, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर, जिला बाल संरक्षण इकाई से बाल संरक्षण अधिकारी मोनी, पूनम रंगा, आरपीएफ के एसएचओ आरएस मीना, जीआरपी एसएचओ जोगिन्दर सिंह और एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बाल तस्करी से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर काम करने की सख्त जरूरत है ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके।

### एक लाख किलोमीटर साइकिल चलाने पर मुकेश नैनकवाल सम्मानित

**रोहतक।** सुनो नहरो की पुकार मिशन ने दिल्ली बाइपास के नजदीक जेएलएन व बीएसबी नहरों के पुलों पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और नहरों के जल को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए एक लाख किलोमीटर साईकल चलाकर लोगो को जागरूक करने पर साइकिलिस्ट एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता मुकेश नैनकवाल को सम्मानित किया गया । यह जानकारी मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ जसमेर सिंह व संरक्षक दीपक छारा ने सयुंक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि मुकेश नैनकवाल पिछले पांच साल से लगातार साइकिल चलाकर लोगों के जागरूकता सन्देश लेकर जा रहे हैं और अभी 600 किलोमीटर की राइड के साथ इन्होंने एक लाख किलोमीटर के आंकड़े को पारकर लखपति साइकिलिस्ट होने का खिताब हासिल किया है।
अभी तक मुकेश नैनकवाल न केवल हरियाणा,राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल तक साइकिल चला चुके हैं। एक लाख किलोमीटर साइकिल चलाने के रिकॉर्ड के साथ इन्होंने बारह एसआर और पचास बीआरएम के खिताब भी इन्होंने हासिल किया है। एक एसआर के खिताब के लिए सो, दो सौ ,तीन सौ ,चार सौ ,छह सौ की साइकिलिंग एक वार्षिक पीरियड में करनी होती है। ऐसी बारह एस आर के खिताब हासिल करने वाले हरियाणा के इकलौते साइकिलिस्ट हैं।

### पत्रकार दीपक खोखर के पिता का निधन

रोहतक डीडी न्यूज के रोहतक स्थित संवाददाता दीपक खोखर के पिता मास्टर रामधारी खोखर का आज दिनांक 31 जुलाई को उनके भरत कॉलोनी स्थित आवास पर निधन हो गया। वे करीब 92 वर्ष के थे। वे जाट स्कूल रोहतक करीब 40 वर्ष तक कार्यरत रहे। मास्टर रामधारी खोखर का अंतिम संस्कार 1 अगस्त 2025 को शीला बाईपास स्थित रामबाग में सुबह 11 बजे होगा। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, गैर सरकारी संगठनों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मास्टर रामधारी खोखर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

## कार्यक्रम से पर्यावरण के साथ भावनात्मक जुड़ाव को मिला संबल

# एमडीयू में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधे रोपकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

समापन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल कॉम्प्लेक्स में किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** कार्यक्रम में पौधारोपण करते हरियाणा के प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटिव ऑफिसर विनीत कुमार गर्ग, आईएफएस व कुलपति प्रो . राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित दो सप्ताह तक चला एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण पखवाड़ा बुधवार को भावपूर्ण समापन के साथ सम्पन्न हुआ।

समापन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल कॉम्प्लेक्स में किया गया, जिसमें हरियाणा के प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटिव ऑफिसर विनीत कुमार गर्ग, आईएफएस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने की, जबकि कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, छात्रावासों और संगठनों से जुड़े विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम न सिर्फ पौधारोपण तक सीमित रहा, बल्कि छात्रों के मन में प्रकृति के प्रति भावनात्मक लगाव और संरक्षण की भावना को भी गहराई से जागृत किया गया।

मुख्य अतिथि विनीत गर्ग ने कहा, एक पेड़ मां के नाम लगाकर हम पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ अपनी जड़ों मां और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं। यह अभियान अन्य संस्थानों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे रोपित पौधों की देखभाल को भी एक नैतिक जिम्मेदारी समझें। जैसे मां जीवन देती है, वैसे ही एक पेड़ भी हमारे जीवन की सांसें संजोए रखता है। समारोह में प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, डायरेक्टर सीडीएस प्रो. प्रतिमा, जनसंपर्क निदेशक प्रो. आशीष दहिया, आर एंड डी कोऑर्डिनेटर डॉ. अनुराग खटकड़ सहित अनेक अधिकारी, शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी व छात्रावास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा दे रहा विवि

कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल अकादमिक गुणवत्ता की दिशा में अग्रसर है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को भी समान रूप से महत्व दे रहा है। डायरेक्टर कैंपस फॉरेस्ट्री एंड प्लांटेशन ड्राइव प्रो. सुरेन्द्र यादव ने पौधारोपण अभियान की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का समन्वयन डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर प्रो. दीपक कौशिक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार द्वारा किया गया। मंच संचालन डॉ. शशि रश्मि ने किया।


**रोहतक।** सेक्टर दो स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## अयोध्या के बाद रोहतक में पहली बार हुआ श्री राम लला मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**रोहतक।** सेक्टर दो स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में अयोध्या के बाद पहली बार श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, जिसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी चंचल नांदल रहे। एडवोकेट चंचल नांदल ने बताया कि भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से जो शिक्षा मिलती है वो किसी से नहीं मिलती। उनका जीवन संघर्ष शील रहते हुए भी हमे हर परिस्थिति में मर्यादा में रहना सिखाता है। उन्होंने अच्छे बेटे अच्छे पति का जीवन जीना सिखाया है। मंदिर पुजारी पंडित विजयपाल दीक्षित ने बताया कि पिछले साल शिवपुराण कथा में लिया गया संकल्प आज पूरा हुआ। बाबा तुलसीदास की जयंती के शुभ अवसर पर श्री राम लला की प्रतिष्ठा बहुत बड़ा योग है। मंदिर में हर साल श्राद्ध पक्ष में होने वाली भागवत में सर्व समाज और देश की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। इस मौके पर विनोद अग्रवाल, कृष्णा नांदल, शिव कुमार गोयल, राधेश्याम गोयल, सविता गोयल, नीना गुप्ता , मूर्ति बबली वीणा , सीमा गर्ग, आचार्य गोपाल शर्मा , पंडित वेदपाल भारद्वाज , गोल्डी शर्मा , हनुमान शर्मा , सुरेंद्र , सुनील , मुकेश ,रविन्द्र नांदल मौजूद रहे।

### स्वर्गीय जोगीराम सैनी की 26वीं पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य जांच और पौधारोपण कार्यक्रम आज

**रोहतक।** रोहतक में 1 अगस्त को डॉक्टर राजेश सैनी ने अपने पिता स्वर्गीय जोगीराम सैनी की 26वीं पुण्यतिथि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। यह कार्यक्रम सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. रमेश चन्द्र होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि सैनी एजुकेशन के प्रधान अवनीश कुमार सैनी और सैनी बीएम कॉलेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वर्गीय जोगीराम सैनी की पुण्यतिथि पर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

## मेडिकल स्टोर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

- मेडिकल स्टोर के गल्ले से 15 हजार रुपये की नकदी चुराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम


**महम।** मेडिकल स्टोर में चोरी की वारदात को अंजाम देता चोर।


**महम।** चोर द्वारा उखाड़ी गई मेडिकल स्टोर की ऊपरी मंजिल की खिड़की।

महम के भिवानी स्टैंड पर स्थित चौबीसी मेडिकोज के नाम से संचालित किए जा रहे एक मेडिकल स्टोर में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरी की पूरी वारदात मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मेडिकल स्टोर संचालक संजय कुमार ने इसकी शिकायत शहर पुलिस चौकी में दी है। पुलिस को दी शिकायत में किशगढ़ गांव निवासी संजय कुमार ने बताया कि भिवानी स्टैंड पर चौबीसी मेडिकोज के नाम से उसकी दवाइयों की दुकान है। कल 30 जुलाई की रात को वहां 10 बजकर 45 मिनट पर मेडिकल स्टोर के सभी दरवाजे व ताले अच्छी तरह बंद करके घर गया था। आज सुबह 31 जुलाई को सुबह सात बजे दुकान खोली तो दुकान के ऊपरी मंजिल वाले दरवाजे टूटे हुए थे। गल्ले में रखे 15 हजार रुपये मिले। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए तो कैमरे में एक अनजान शख्स दुकान के अंदर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दिया। कैमरे में देखने पर पता चला कि उक्त शख्स ने सुबह तीन बजे से चार बजे के बीच चोरी की घटना की है। मेडिकल स्टोर संचालक ने पुलिस से चोरी हुई नकदी को बरामद करने और चोर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए। जांच में यह सामने आया है कि चोर दुकान की ऊपरी मंजिल की खिड़कियां, जाली और दरवाजे तोड़कर दुकान के अंदर घुसा है। उसके बाद वह दुकान के ग्राउंड फ्लोर तक पहुंचा है।

## श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी परिसर के पार्क में एक विशेष वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सैकड़ों पौधे लगाए। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंधन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने औषधीय, फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया और एक बच्चा, एक पेड़ का संदेश देते हुए लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक पीएन मुज्जु ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह सतत जिम्मेदारी है, जिसे हमें मिलकर निभाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और आने वाले समय में भी ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।


**रोहतक।** सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस के 9 अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**रोहतक।** पुलिस में कार्यरत 9 अधिकारी बृहस्पतिवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। निरीक्षक देशराज, निरीक्षक राज सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक समुन्द्र सिंह, एसआई धनराज, एसआई कुलदीप, एसआई सुजेन्द्र, एसआई रघुनाथ, एएसआई प्रदीप व एएसआई देवी सिंह सेवानिवृत्त हुए है। सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पुलिस अधिकारियों- कर्मचारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर रहकर कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य किया है। पुलिस विभाग की नौकरी कठिन नौकरियों में से एक है। जवान के साथ-2 परिवार को भी संघर्ष करना पड़ता है। पुलिस विभाग में सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पुलिस विभाग में भी सहयोग देते रहे। जिला झज्जर निवासी निरीक्षक देशराज सिंह ने 39 साल, जिला जींद हाल रोहतक निवासी निरीक्षक राज सिंह ने 36 साल, जिला झज्जर निवासी हॉनरेरी निरीक्षक समुन्द्र सिंह ने 37 साल, जिला झज्जर निवासी एसआई धनराज ने 35 साल, जिला झज्जर निवासी एसआई कुलदीप सिंह ने 35 साल, गांव किलोई निवासी एसआई सुजेंद्र ने 36 साल, एसआई रघुनाथ ने 32 साल, एएसआई प्रदीप सिंह ने 36 साल व एएसआई देवी सिंह ने 36 साल से ज्यादा पुलिस विभाग मे कार्य किया है।

## सेवा भाव से किए गए कार्यों का हमेशा सुखद परिणाम होता है : डॉ अर्चना

- रोहतक में विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी नई कार्यकारिणी : डॉ अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, मेयर रामावतार वाल्मीकि, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका व अन्य पदाधिकारी।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में वीरवार को जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और महामंत्री, सभी मोर्चो के जिला अध्यक्ष व महामंत्री व मंडल प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता शामिल हुई तथा जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका व उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने की। बैठक में आगामी योजनाओं, बूथ सशक्तिकरण और संगठन को और मजबूत करने के लिए रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि हम सब संकल्प लेकर जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का काम करें और एकजुट होकर पार्टी के द्वारा लिए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूरी ताकत लगा दें। उन्होंने कहा कि हमारी नई जिला कार्यकारिणी के साथ,हम रोहतक में विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करने की रूपरेखा तैयार करें। कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि वे पार्टी के हर अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान दें। क्योंकि सेवा भाव से किये गए कार्यो का हमेशा सुखद परिणाम मिलता है। डॉ अर्चना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो राष्ट्रवाद, संगठनात्मक अनुशासन और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवंत संकल्प है, जिसे हर कार्यकर्ता अपने जीवन में आत्मसात करता है।

## साढ़े तीन साल पहले भी हुई थी वारदात, आज तक अनसुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बहादुरगढ़ में कई ऐसे मौके आए जब पुलिस की नाक के नीचे यानी थाने, चौकी के बिलकुल आसपास ही चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। वीरवार की दोपहर हुई वारदात में बेशक आभूषण लुटने से बच गए लेकिन इस दुकान के ठीक साथ सटी आभूषणों की दुकान में भी साढ़े तीन साल पहले वारदात हुई थी। दरअसल, धर्मपुरा के निवासी ओमप्रकाश की यहां रोहतक दिल्ली रोड पर आभूषणों की दुकान है। गत जनवरी 2022 में दीवार में सेंध लगाकर उनकी दुकान से करीब 40 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी हो गई थी।

वह वारदात आज तक अनसुलझी है। वहीं कुछ दिन पहले ही यहां सिटी थाने से सटे नगर परिषद कार्यालय परिसर में लगे कई एसी की कॉपर पाइप व वायर काटी गई।

### बलिदानी उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

बहादुरगढ़। दिल्ली-रोहतक रोड स्थित भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी के कार्यालय पर शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी सहित कई मौजूद रहे।

### सूचना

मैं, वेदपाल पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी बहलबा, पाना बजाण, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र लकशु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पूर्व सैनिकों को स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने का सम्मान, हरियाणा सरकार के फैसले का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




हरियाणा सरकार के उस फैसले का प्रदेशभर के पूर्व सैनिकों ने जोरदार स्वागत किया है, जिसके तहत आगामी स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सम्मान दिया जाएगा। हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रधान कर्नल रणधीर सिंह मलिक ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे पूर्व सैनिकों के सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया।

कर्नल मलिक ने कहा कि यह बहुत गर्व और सम्मान की बात है कि जिन सैनिकों ने देश की सीमाओं की रक्षा और राष्ट्रीय ध्वज की शान के लिए अपने जीवन का बहुमूल्य समय समर्पित किया, उन योद्धाओं को अब राष्ट्र ध्वज फहराने का सौभाग्य प्राप्त होगा। एक सैनिक की सबसे बड़ी तमन्ना होती है कि अगर वह देश के लिए बलिदान हो, तो उसका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ अपने घर जाए और पूरा देश उसके बलिदान पर गर्व करे। आज सरकार का यह निर्णय पूर्व सैनिकों के उसी जज्बे को सलामी देने जैसा है। इसके साथ ही कर्नल मलिक ने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि उन शहीद सैनिकों के परिवारों और समाधि स्थलों का विधिवत देखरेख सुनिश्चित की जाए जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायतों, नगर निगमों और पालिकाओं के माध्यम से इन स्थलों का उचित रख-रखाव कराया जाए और इसके लिए अलग बजट भी निर्धारित किया जाए।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बने परमजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** परमजीत।

शहर निवासी परमजीत पम्मी भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के सचिव नियुक्त किए गए है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा उनका नियुक्ति पत्र जारी किया गया। बता दें कि 30 जुलाई को कांग्रेस द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में हरियाणा से केवल 3 युवाओं की ही नियुक्ति की गई है। जिसमें परमजीत पम्मी पिछले लगभग 4,5 वर्ष से हरियाणा से बाहर रह कर अन्य प्रदेशों में प्रभार संभाल कर पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं, भारत जोड़ों यात्रा के दोनों चरणों में वह राहुल गांधी के साथ भारत यात्री बन कर रहे। बातचीत के दौरान परमजीत ने बताया कि उन्होंने राहुल गांधी की युवाओं के प्रति दूरदर्शिता को देख कर पार्टी में लगन से कार्य करने का मन बनाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवा पिछले लंबे समय से हरियाणा में चल रही नेताओं की गुटबाजी का शिकार हो रहे हैं जिसके चलते पार्टी को नुकसान हो रहा है।









# दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई एचटेट परीक्षा, 1847 रहे गैर-हाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सुबह और शाम के सत्र में परीक्षा का आयोजन किया गया। बरसात के बाद भी अभ्यर्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ। 85.13 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और परीक्षा दी। इस दौरान जिला प्रशासन की तरफ से पूरी सख्ती बरती गई।

परीक्षा केंद्रों के बाहर महिला अभ्यर्थियों के आभूषण भी उतरवाए गए। शाम तक कोई केस नहीं बना। हालांकि पुलिस ने कई परीक्षार्थियों से पूछताछ की। साथ ही एआई कैमरों से प्रशासन ने परीक्षा पर नजर रखी। करीब 1847 अभ्यर्थी परीक्षा में गैर हाजिर रहे। एचटेट परीक्षा-2024 लेवल-2 टीजीटी (प्रातः कालीन सत्र) में रोहतक के 41 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। जिनमें 12417 परिक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी जानी थी। लेकिन इनमें से 10570 (85.13 प्रतिशत) परिक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई व 1847 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षा विभाग व निगरानी अधिकारियों सहित सभी विभागों की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया है।

दो दिनों में अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित इस परीक्षा में सभी की प्रतिबद्धता, जिम्मेदारी व टीम भावना के साथ किए गए कार्यों के चलते यह परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न हो सकी।


अभ्यर्थी के कागज देखते पुलिस कर्मी


परीक्षा देकर आते अभ्यर्थी


मां का इंतजार करते बच्चे

## खबर संक्षेप


रोहतक। मीटिंग करते मिडडे मील वर्कस के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षा मंत्री का घेराव तीन अगस्त को

**रोहतक।** मिड डे मील वर्कस ने बृहस्पतिवार को मांगों को लेकर बैठक की। इसकी अध्यक्षता यूनियन की जिला प्रधान बवीता ने किया। मांगों को लेकर 3 अगस्त को शिक्षा मंत्री का घेराव करने के लिए रोहतक जिला से भारी सख्या में पानीपत में शामील होगी। इस मौके पर बबीता, रीना, सरला, शीला, फूलपति, राजबाला, कांता, बाला, कांता, कुंती, सुनीता, भारती, सुदेश, रोशनी, कमलेश, भगतसिंह, रामनिवास, कमलेश आदि मौजूद रहे।

### पीजीआई के अनुबंधित कर्मियों की हड़ताल जारी

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार को 60वें दिन भी जारी रही। मेडिकल मोड पार्क में भारी बारिश के बावजूद कर्मचारी शांतिपूर्वक डटे रहे और ठेकेदारी प्रथा के विरोध में नारे लगाए। कर्मचारियों ने ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया कि अब वे किसी आश्वासन से संतुष्ट नहीं होंगे। जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। वीरवार सुबह कर्मचारियों ने एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया, जिसमें कल की वार्ता में आए कुछ प्रस्तावों और निर्णयों पर चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि 1 अगस्त को महा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, पहले से अधिक संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे। सम्मेलन में 36 बिरादरी, किसान संगठन, मजदूर संगठन और अन्य कर्मचारी संगठन को आमंत्रित किया गया है। आंदोलन को और व्यापक जनसमर्थन मिल सके।

## ड्रेनेज सिस्टम फेल, सड़कों और कॉलोनियों में भरा पानी बना मुसीबत

# मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुआ शहर प्रशासन की लापरवाही से जनता बेहाल

शहर की यह जलजमाव की स्थिति केवल प्राकृतिक कारणों से नहीं बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का नतीजा है।


हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वीरवार को सुबह और मध्यरात्रि के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर शहर, सेक्टर और ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है। बारिश के कुछ घंटों बाद ही शहर के प्रमुख मार्गों, कॉलोनियों और खाली पड़े प्लाटों में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। सोनीपत रोड, सेक्टर-4 की पुलिया, रामगोपाल कॉलोनी, छोटूराम चौक, राजीव गांधी स्टेडियम क्षेत्र, सुखपुरा चौक, लाढ़ौत रोड, गोहाना रोड, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, प्रीत विहार, दिल्ली बाईपास और डी-पार्क जैसे इलाकों में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बरसात की वजह से कुछ देर में शहर के पार्क भी जलभराव का शिकार हो गए। इसके अलावा कई बाजारों में भी पानी जमा हो गया। जिसकी वजह से दुकानदारों का कामकाज प्रभावित रहा।

शहर की यह जलजमाव की स्थिति केवल प्राकृतिक कारणों से नहीं बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का नतीजा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा वर्षों पहले बिछाई गई ड्रेनेज लाइन अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इन लाइनों के खराब होने और नियमित सफाई न होने की वजह से बारिश का पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा है।

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों का सामान्य आवागमन भी ठप हो गया है। खाली प्लॉटों में जलभराव होने के कारण मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई इलाकों में तो पिछले दस दिनों से पानी जमा है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में भारी कठिनाई हो रही है।




रोहतक। लाढौत रोड के पास गली में भरा पानी, छोटूराम चौक पर पानी में से जाती महिला व जगदीश पार्क में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। जींद रोड पर पानी व गांव बोहर रोड पर पानी ही पानी। फोटो : हरिभूमि

### कॉलोनियों के भी यही हालात

कॉलोनियों में भी यही हालात हैं। गलियों और सड़कों पर पानी भर जाने के कारण नालियां ओवरफ्लो हो चुकी हैं। जलनिकासी के कोई ठोस उपाय न होने की वजह से यह समस्या लगातार गहराती जा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत देने के बावजूद न तो नगर निगम और न ही शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई।

### पार्षदों का दूसरा कार्यकाल शुरू फिर भी संभावना नहीं

गौरतलब है कि पांच साल बाद पार्षदों का चुनाव संपन्न हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी तरह का समाधान नहीं निकल पाया है। इससे लोगों में भारी रोष है। वे यह सवाल उठा रहे हैं कि जब हर बार बारिश के बाद यही स्थिति बनती है, तो फिर समय रहते समाधान क्यों नहीं किया जाता। जनता की उम्मीद अब नए चुने गए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से है कि वे जल्द ही स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं। वरना हर बार की तरह इस बार भी शहर की जनता को पानी, बीमारी और असुविधा के बीच जीने को मजबूर होना पड़ेगा।



महम। दमकल केंद्र महम में भरा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

## बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था न होने से सरकारी कार्यालयों में जमा हो जाता है पानी

- रात को हुई बारिश में दमकल केंद्र में जमा हो गया पानी, ड्यूटी करने पहुंचे कर्मचारियों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

नगर पालिका, जनस्वास्थ्य और पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग द्वारा शहर में करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी महम में शहर के बरसाती और गंदे पानी की निकासी के उचित समाधान नहीं किए जा सके हैं। जिस वजह से थोड़ी सी बारिश होते ही सरकारी कार्यालयों में बरसाती पानी जमा हो जाता है। वीरवार रात को हुई बारिश से शहर में चोरों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा था। दमकल केंद्र के कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दमकल केंद्र परिसर में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया है। गंदे पानी के बीच से गुजरकर वे कार्यालय तक पहुंचे। इसी तरह गवर्नमेंट कॉलेज के गेट के सामने और अनाज मंडी में बरसाती पानी हिलोरे मारता हुआ दिखाई दिया। हर बार बारिश में महम का नया बस स्टैंड, मॉडल स्कूल, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सड़क तालाब बन जाती है। गोहाना मोड़ के क्रांति चौक से लेकर अनाज मंडी और कॉलेज के गेट तक सड़क पर दुकानों के सामने भारी मात्रा में पानी जमा हो गया, जिस वजह से दुकानदारों को काफी परेशानी हुई। शहर के नाले बारिश में ऑवर फ्लो हो जाते हैं और सीवर लाइन जाम हो जाती है। पिछले कई दशक से शहरवासी शहर के गंदे और बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रोजेक्ट बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।



## वरिष्ठ साहित्यकार अर्चना कोचर ने सीएम सैनी को अपनी पर्यावरण केंद्रित दो पुस्तकें भेंट की

**रोहतक।** वरिष्ठ साहित्यकार अर्चना कोचर ने 30 जुलाई को अपनी दो चर्चित काव्यात्मक कृतियां-मैं पेड़ हूं तथा बालकनी से झांकती प्रकृति हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सप्रेम भेंट की। यह सौजन्य भेंट सीएम आवास पर आयोजित एक विशेष अवसर पर सम्पन्न हुई। दोनों कृतियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरणीय संरक्षण एवं एक पेड़ मां के नाम अभियानों से प्रेरित हैं। मैं पेड़ हूं में पेड़ों को प्रतीकात्मक रूप से गुण-दोष और पर्यावरणीय महत्त्व को काव्यात्मक रूप से वाणी दी गई है। वहीं, बालकनी से झांकती प्रकृति पुस्तक में लेखिका ने शहरों में सिमटती हरियाली और मनुष्य के प्रकृति से टूटते संबंध को भावनात्मक एवं संवेदनशील दृष्टि से रेखांकित किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लेखिका की पुस्तकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक प्रयास समाज में पर्यावरण चेतना को बढ़ाने में बेहद प्रभावी भूमिका निभाते हैं। पेड़ों को कविता के माध्यम से प्रस्तुत करना एक रचनात्मक और प्रेरक प्रयास है। इस अवसर पर हरियाणवी भाषा के संवर्धन को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें अर्चना कोचर की चर्चित कृतियां-'कदे खतम ना होण आळी किन्नर कहाणी' और 'उर्मिला किमैं कहवै सै' विशेष रूप से उल्लेखित रही। इस अवसर पर जगदीश जांगड़ा, राजेश जांगड़ा, सुभाष कोचर मौजूद रहे।


रोहतक। नशीली दवाओं, नशीले पदार्थो के खतरे से विद्यार्थियों को जागरुक करते स्पेशल टीम एएसआई मोहन। फोटो : हरिभूमि

## जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 11वीं सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने कक्षा 10वीं सत्र 2024-25 में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको के साथ पास की हैं, जिनकी जन्मतिथि 01 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच हैं, वे आवेदन पत्र 10 अगस्त 2025 तक विद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन माध्यम से जमा कर सकते हैं या विद्यालय के ई-मेल **admissionjnvrohtak@gmail.com** पर स्कैन कॉपी भी भेज सकते हैं। प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि जिस छात्र ने सत्र 2024-25 में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय (सीबीएसई या राज्य शिक्षा बोर्ड) से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो, कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त होना अनिवार्य है। विज्ञान स्ट्रीम हेतु विज्ञान विषय में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक आवश्यक, गणित विषय लेने वाले किसी भी स्ट्रीम हेतु गणित में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। छात्र की जन्मतिथि 01 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के बीच होनी चाहिए (दोनों तिथियाँ सहित)। पात्रता मानदंड छात्र ने सत्र 2024-25 में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो। चयन पूरी तरह कक्षा 10 के अंकों पर आधारित मेरिट सूची के अनुसार किया जाएगा। प्राथमिकता सीबीएसई बोर्ड के छात्रों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि सीटें शेष रहती हैं तो अन्य राज्य बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों को मेरिट अनुसार अवसर दिया जाएगा।

## ड्रग फ्री इंडिया ने नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला पुलिस द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया है। स्पेशल टीम एएसआई मोहन के नेतृत्व में टीम ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। एएसआई मोहन ने कहा कि विद्यार्थियों को जागरुक करने का उद्देशय नशीली दवाओं, नशीले पदार्थो के खतरे से दूर करना है। नशा व्यक्ति को कभी भी अपने पथ में आगे नहीं बढ़ने देता है।

नशा करने वाला व्यक्ति परिवार के साथ-साथ समाज में भी परेशीनी पैदा करता है व हर तरीके से बर्बाद कर देता है। नशा युवा पीढी को अपनी गिरफ्त में तेजी से जकड़ रहा है। नशा करने से व्यक्ति पर आर्थिक स्थित का असर तो पढ़ता है, इसके साथ-2 मानसिक व शारीरिक रुप से भी कमजोर करता है। नशा व्यक्ति को शारीरिक रुप से कमजोर कर मनुष्य के शरीर को बीमारियों की तरफ धकलेता है। नशे से होने वाली बीमारियों बारे जागरुक कर विद्यार्थियों को ड्रग्स, नशीली दवाएं, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस व अन्य प्रकार के नशे से दूर रहकर अपने करियर पर फोकस करें। हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग नशा छोड़ने चाहते है उनकों काउंसलिंग की सुविधा डॉक्टरों के माध्यम से तथा नशामुक्ति केंद्र पीजीआईएमएस की मदद से उनकी लत छुड़ाने का प्रयास करेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहां कि अगर आपके आस-पास कहीं पर भी कोई नशा बेचता है तो आप उसकी सूचना डायल 112 पर दें। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा। इसके अलावा हर प्रकार के नशे की रोकथाम से संबंधित सूचना के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर पर जारी किया गया है।

**विश्रामगृह, सांपला में आयोजित हुआ कार्यक्रम** | भाजपा नेताओं ने पर्यावरण-संरक्षण व राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

# शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि: एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

शहीद के विचारों को आत्मसात कर पौधरोपण करना सच्ची श्रद्धांजलि : सतेंद्र

- एक पेड़ मां के नाम लगाना नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

भारतीय जनता पार्टी द्वारा विश्रामगृह, सांपला में शहीद उधम सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम व पोधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी सतेंद्र परमार और जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। सतेंद्र परमार ने कहा शहीद उधम सिंह का बलिदान भारत के आत्मसम्मान की गूंज है। ऐसे राष्ट्रनायकों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी है जब हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित और प्रकृति के लिए सकारात्मक कार्य करें।

नवीन ढुल ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण के साथ हमारे भावनात्मक रिश्ते को जोड़ता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु संकट से जूझ रही है, तब एक पौधा लगाना भी एक क्रांति है।

इस अवसर पर जितेंद्र कौशिक, भूपेंद्र खत्री, पवन खत्री, संजीव खत्री, प्रेम दत्त कौशिक, रिशिपाल ओहल्यान, राजेश बंसल, पवन प्रजापति, राजीव, विकास ओहल्यान, जसवीर सिंह, दिलबाग सिंह, राजेश रोहिल्ला, संजय मलिक, सुनील कुमार, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।





### शहीद उधम सिंह की शहादत पर लगाया जांच शिविर

**सांपला।** गुरुवार को कस्बे में शहिद उधम सिंह की याद में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ पवन ओहलय ने किया। डॉक्टर एसपीएस भाटिया व डॉ अनुज खुराना ने अपनी टीम के साथ 165 लोगों की आंखों की जांच की। जिसमें 28 लोग मोतियाबिंद रोग से ग्रस्त पाए गए। इसके अलावा डाक्टर हर्ष दीप, डॉक्टर तुषार, दांतों के डॉक्टर रमनीक व इस्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम व डॉ पिंकी ने अलग -अलग रोगों की जांच की। उन्होंने लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी दी।



### पौधरोपण कर शहीद उधम सिंह को याद किया

**रोहतक।** नेहरू कॉलोनी शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल बन चुके शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण संगठन ने एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी पुण्यतिथि को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन, नेहरू कॉलोनी में किया गया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने की। कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, गुलमोहर और अमलतास जैसे छायादार और औषधीय वृक्षों को चुना गया। इस मौके पर डॉ. फूल कुमार मुआल, वजीर, भोरिया, कुलदीप राठी, शकुंतला सभरवाल, पवन, सुशील कुमार, मानसिंह, नरेंद्र तंवर, अजय, अनिल कुमार, राकेश प्रजापति, ऋषिराज नीनानिया, मुकेश सिंहमार, जतिन मौजूद रहे।